उत्तर-3 ब्रिटिश शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है क्योंकि ब्रिटिश शासन ने भारत की जड़ को उखाड़ने का प्रयास किया था। 'तम' का अर्थ होता है- अंधकार और यहाँ अंधकार ब्रिटिश शासन के द्वारा किए गए घोर अत्याचार की ओर संकेत करता है। भारतवासी इन्हीं अत्याचारों से पीड़ित थे और उन्हे पूरी तरह गुलामी की जंजीरों में जकड़कर रख दिया गया था।

उत्तर-4 कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणाओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर-1. कैदियो को पेटभर भोजन नहीं मिलता था तथा उन्हे अंधेरी कोठरी में कैद रखा जाता था।

2. भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अपराधी न होते हुए भी उन्हे डाकू, चोरों और लुटेरो जैसे अपराधियों के साथ रखा जाता था।

3. उन्हें कड़े पहरे के बीच लोहे की जंजीरों के बंधन मे रहना पड़ता था।

4. उन्हें कोल्हू के बैलों की तरह पिसना पड़ता था पत्थर तोड़कर वे गिट्टी बनाते थे।

5. ब्रिटिश पहरेदारों की गालियों से भरी हुंकार उन्हे सुननी पड़ती थी।

Scanned with CamScanner